पत्रांक–1 / ब0 1–07 / 2025–....230...... /

बिहार सरकार

कला एवं संस्कृति विभाग

प्रेषक,

महमूद आलम,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

संग्रहालयाध्यक्ष,
चन्द्रधारी संग्रहालय, दरभंगा।

पटना दिनांक 13/02/2026

विषयः– वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में निधि का आवंटन।

महाशय,

स्वीकृत्यादेश संख्या 720 दिनांक 22.01.2026 के आलोक में चन्द्रधारी संग्रहालय, दरभंगा में मेसर्स ग्रेस सिक्योरिटी सिस्टम प्राईवेट लिमिटेड, पटना द्वारा प्रतिनियुक्त सफाई कर्मियों के माह मार्च, 2024 से जून, 2024 तक का पारिश्रमिक भुगतान हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में मांग संख्या–08 के अधीन स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय बजट शीर्ष '2205–कला एवं संस्कृति–107–संग्रहालय–0001–संग्रहालय', विपत्र कोड 08–2205001070001, के अन्तर्गत विषय शीर्ष 2804–व्यावसायिक / कला / तकनीकी सेवायें में तत्काल कुल राशि ₹ 3,46,242 / –(तीन लाख छियालीस हजार दो सौ बयालीस रूपये) मात्र का आवंटन आपके निस्ताराधीन व्यय के लिए सौंपा जाता है।

2 यह आवंटन वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561 / वि0 (2) दिनांक 17.04.98 एवं 227 / वि0, दि0 28.03.2025 एवं 235 दिनांक 01.04.2025 के आलोक में वित्त विभाग द्वारा निर्धारित अधिसीमा 100 प्रतिशत के अन्तर्गत दिया जा रहा है।

3 राशि की निकासी संग्रहालयाध्यक्ष, चन्द्रधारी संग्रहालय, दरभंगा द्वारा जिला कोषागार, दरभंगा से बिहार कोषागार संहिता के नियमो के अन्तर्गत की जायेगी तथा राशि का व्यय बिहार वित्तीय संशोधन नियमावली 2024, बिहार लोक निर्माण संहिता, बिहार खरीद अधिमानता नीति के संगत प्रावधान के आलोक में की जायेगी।

4 वित्त विभागीय संकल्प सं0–2988 दिनांक 23.03.2023 की कंडिका–4(vi) के आलोक में नियमानुकूल, एकरारित शर्तों के आधार पर, कार्यरत कर्मियों को उनकी वास्तविक उपस्थिति के आधार पर, श्रम अधिनियमों का पालन करते हुए नियमानुकूल संबंधित कर्मी के आधार सम्बद्ध बैंक खाते में राशि अंतरण किया जायेगा तथा पूर्व माह के EPF एवं ESI जमा करने के साक्ष्य दिये जाने पर ही भुगतान किया जायेगा।

5 वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0–12888 दि0 03.12.2024 में निहित प्रावधानों के आलोक में राशि की स्वीकृति दी गई है।

6 प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

7 उक्त आवंटन की व्यय विवरणी शीघ्र भेजे। ।

विश्वासभाजन,

13/02/26

(महमूद आलम)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 230 /

पटना, दिनांक 13/02/2026

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/02/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक 230 /

पटना, दिनांक 13/02/2026

प्रतिलिपि :– सचिव के प्रधान आप्त सचिव / निदेशक, संग्रहालय निदेशालय / मेकर बजट शाखा / आई0 टी0 मैनेजर, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/02/26

सरकार के संयुक्त सचिव।